bearing Kimberlite pipes at Bahradih, Payalikhand and Jangla areas of Raipur District, M.P. GSI had earlier reported diamond bearing kimberlite pipes in Wajrakarur, Venkatampalle and Chigi-cherla areas of Anantpur Distt., Andhra Pradesh.

नई खनन नीति

6135. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने कुछ खानों को छोड़कर देश के खनन उद्योग में गैर-सरकारी क्षेत्र की भागीदारी के लिए पिछले वर्ष एक नई खनन नीति की घोषणा की थी ;

(ख) यदि हां, तो नई खनन नीति की घोषणा किए जाने के पश्चात् सरकार को भारतीय और विदेशी संस्थाओं से अब तक कितने प्रस्तावों की पेशकश प्राप्त हुई है ;

(ग) क्या कुछ प्रस्तावों को मूर्त रूप प्रदान किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावों की संख्या क्या है और इन प्रस्तावों के माध्यम से खनन उद्योग के क्षेत्र में कुल कितना अतिरिक्त निवेश किया गया है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) राष्ट्रीय खनिज नीति 1993 के अनुसार, निजी क्षेत्र को उन खनिजों के खनन की भी अनुमति दी गयी है जिनको पहले सिर्फ सरकारी क्षेत्र के विदोहन हेतु आरक्षित किया गया था।

(ख) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

देश में एल्यूमिनियम का उत्पादन

6136. **श्री ईश दत्त यादव :**
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में एल्यूमिनियम का उत्पादन कभी भी इसकी संस्थापित क्षमता के स्तर तक नहीं पहुंच पाया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि वर्ष 1992-93 का उत्पादन वर्ष 1991-92 की तुलना में कम था और इन दो वर्षों के दौरान हुए उत्पादन का ब्यौरा क्या है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) नाल्को, बाल्को, हिन्डाल्को व इंडाल, देश में एल्यूमिनियम के चार प्राथमिक उत्पादक हैं । बिजली की कमी व अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण, हिन्डाल्को को छोड़कर, किसी भी कम्पनी में एल्यूमिनियम का उत्पादन, स्थापित क्षमता तक नहीं पहुंच पाया है ।

(ग) वर्ष 1991-92 व 1992-93 के दौरान, एल्यूमिनियम का उत्पादन इस